
विजय पांडे फ़िल्म और टेलिविजन निर्देशक और संपादक हैं । अपने चार दशक लंबे कार्यकाल में इन्हें कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है, पांडे टेलिविजन श्रंखला ‘सात फेरे’, ‘सलोनी का सफर’ और ‘देश में निकला होगा चांद ’ के लिए जाने जाते हैं । निर्देशन और संपादन पर विभिन्न वर्कशॉप संचालन के साथ ही कई फ़िल्म समारोह में निर्णायक मंडल सदस्य की भूमिका निभा चुके हैं। इसके अलावा यह केंद्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड की सलाहकार समिति का भी हिस्सा रह चुके हैं।

Vijay Pande is a film and television director and editor. A recipient of multiple awards won over more than four decades of work, Pande is widely known for creating the television series, ‘Saat Phere... Saloni Ka Safar’ and ‘Des Mein Nikila Hoga Chand’. He has conducted various workshops on direction and editing, and has been jury member to many film festivals. He also served on the advisory committee of the Central Board of Film Certification.

फ़ीचर फ़िल्म निर्णायक मंडल: दक्षिण-I पैनल

FEATURE FILM JURY: SOUTH-I PANEL

अध्यक्ष / CHAIRPERSON

सुशांत मिश्रा
Susant Misra

निर्देशक सुशांत मिश्रा ने 1989 में एफटीआईआई से स्नातक किया और तीस सालों में इन्होंने 'निश्चल बादल', 'विश्वप्रकाश', 'धारिणी' और 'मूर्छना' जैसी उल्लेखनीय फ़िल्मों का निर्देशन किया। इनकी फ़िल्मों को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है जो ओबरहाउज़ेन, कान (अन सर्टेन रिगार्ड), आईएफएफआर, टिफ, इफ्फी, मामी और मिफ्फ जैसे कई समारोहों में दिखाई भी गई हैं। अलग-अलग संस्थानों में सिनेमा पढ़ाने के साथ ही सुशांत, पुरी, ओडिशा में आयोजित ब्रिंग योर ओन फ़िल्म फेस्टिवल (बीवाईओएफएफ) के सह-संस्थापक भी हैं।

Susant Misra is a director who graduated from FTII in 1989. Over thirty years, he has directed notable films such as 'Nischal Badal', 'Biswaprakash', 'Dharini' and 'Murchhana'. His films have received many awards and have also been screened at various festivals like Oberhausen, Cannes (Un Certain Regard), IFFR, TIFF, IFFI, MAMI and MIFF. Susant teaches cinema at various institutes and is a co-founder of the Bring Your Own Film Festival (BYOFF) held in Puri, India.

सदस्य / MEMBER

एम.बी.पदमाकुमार
M.B.Padmakumar

एम.बी.पदमाकुमार एक फ़िल्म निर्माता, पटकथा लेखक होने के साथ ही एक अभिनेता भी हैं। इन्होंने अपने निर्देशन की शुरुआत पुरस्कार विजेता मलयालम फ़िल्म 'माई लाइफ पार्टनर' से की, उसके बाद 'रूपंथरम' के साथ कई टेलीविजन कार्यक्रम और वृत्तचित्र बनाए हैं। फ़िल्मों में काम करने से इन्हें श्री जयराज, श्री लोहितादास और श्री शाजी एन करुण जैसे प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माताओं से जुड़ने का अवसर मिला।

M.B.Padmakumar is a filmmaker, screenwriter and an actor. He made his directorial debut with an award-winning Malayalam film 'My Life Partner', followed by 'Roopantharam'. He has made several television programs and documentaries. Working in films gave him the opportunity to closely associate with renowned filmmakers such as Mr. Jayaraj, Mr. Lohitadas and Mr. Shaji N Karun.

सदस्य / MEMBER

मुर्तज़ा अली ख़ान
Murtaza Ali Khan

मुर्तज़ा अली ख़ान एक स्वतंत्र फ़िल्म समीक्षक और पत्रकार हैं, जो पंद्रह सालों से कला, संस्कृति और मनोरंजन उद्योग को करीब से देख-समझ रहे हैं। ख़ान नियमित रूप से रेडियो और टेलीविज़न पर एक सिनेमा के जानकर के रूप में दिखाई देते हैं, जिसमें डीडी नेशनल का लोकप्रिय कार्यक्रम 'डीडी मॉर्निंग शो' भी शामिल हैं। खान ने कई दूतावासों और सांस्कृतिक केंद्रों के लिए फ़िल्म समारोहों और सिनेमा के पूर्व काल से जुड़े कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है। विभिन्न फ़िल्म समारोहों के साथ-साथ ख़ान, 69वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कारों की जूरी में भी रहे हैं।

Murtaza Ali Khan is an independent film critic and journalist who has been covering art, culture, and entertainment for 15 years. Khan regularly appears on radio and television as a film expert, including on DD National's popular morning programme 'DD Morning Show'. Khan has also curated film festivals and retrospectives for various Embassies and Cultural Centres. Khan has also served on the jury of various film festivals as well as the 69th National Film Awards.

सदस्य / MEMBER

रविन्दर
Ravindhar

रविन्दर ने मनोरंजन की दुनिया से कम उम्र में ही दोस्ती कर ली थी और 'पवामनिप्पु' और 'छाया'' जैसी फ़िल्मों से बाल कलाकार के रूप में अपनी पहचान बनाई। 1978 में इन्होंने करपागम स्टूडियो में सिनेमैटोग्राफी का काम शुरू किया और 1989 तक तो वह बालाचंदर और पी. वासु जैसे निर्देशकों के साथ काम करने लगे थे। इनके काम में 'चिन्ना थंबी" और 'वेलाइकेदाचिदुचु" जैसी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में शामिल हैं। सिनेमा से अलग वह वृत्तचित्रों और विज्ञापनों में योगदान देते रहे और फ़िल्म उद्योग समितियों में सक्रिय रहे।

Ravindhar entered the entertainment world early and made his mark in films as a child artiste in films like 'Pavamannippu' and 'Chaya'. He dove into cinematography at Karpagam Studio in 1978 and by 1989, he was collaborating with directors like K. Balachander and P. Vasu. His work includes blockbusters such as 'Chinna Thambi' and 'Velaikedachiduchu'. Beyond cinema, he contributed to documentaries and advertisements and remains active in film industry committees.

सदस्य / MEMBER



संतोष दामोदरन
Santhosh Damodharan

संतोष दामोदरन एक व्यवसायी के साथ-साथ मलयालम फ़िल्म निर्माता हैं। इन्होंने दामोर सिनेमा के अपने बैनर तले 'चंद्रोलसावम', 'कुरुक्षेत्र', 'पाकलपूरम', 'इवर' और 'वुल्फ' जैसी हिट फ़िल्मों का निर्माण किया है, इस बैनर ने हिंदी फ़िल्मों में भी हाथ आज़माए हैं और 'ओरु नाल वरुम' जैसी फ़िल्में भी वितरित की हैं ।

Santhosh Damodaran is a businessman and producer in the Malayalam Film industry. He has produced hits such as 'Chandrolsavam', 'Kurukshetra', 'Pakalpooram', 'Ivar' and 'Wolf', under his own banner of Damor Cinema. The banner has also distributed movies like 'Oru Naal Varum' as well as dabbling in Hindi films.

फ़ीचर फ़िल्म निर्णायक मंडल: दक्षिण-II पैनल
FEATURE FILM JURY: SOUTH-II PANEL

अध्यक्ष / CHAIRPERSON

बल्लू सलूजा
Ballu Saluja

बल्लू सलूजा, ऑस्कर एकेडमी, संपादन शाखा के नामित सदस्य और एक फ़िल्म संपादक हैं। फ़िल्म जगत और इनका साथ दो दशक से भी ज्यादा पुराना है। फ़िल्मों का संपादन करने से पहले इन्होंने टेलिविजन सीरियल, विज्ञापन और वृत्तचित्र के संपादन का काम किया है। बतौर संपादक इनके नाम पर 'लगान'(2000), 'पिंजर' (2003), 'स्वदेस' (2004), 'जोधा अकबर' (2008), 'दंगल' (2016) जैसी फ़िल्में हैं, इनके कुछ कामों को सर्वश्रेष्ठ संपादन का पुरस्कार भी मिल चुका है।

Ballu Saluja is a film editor and a nominated member of the Editing branch, Oscars' Academy. He has over two decades of work experience in the film industry. He began editing television serials, ads and documentaries before moving to film. He has edited films like 'Lagaan' (2000), 'Pinjar' (2003), 'Swades' (2004), 'Jodhaa Akbar' (2008) and 'Dangal' (2016) to name a few and has been presented with best editing awards for some of this work.

आनंद कुमार सिंह
Anand Kumar Singh

आनंद कुमार सिंह फ़िल्म और टेलिविजन निर्माता हैं, इन्हें कई चर्चित कार्यक्रम जैसे 'नंबर 1 की दुनिया', 'अपने रंग हज़ार', 'कहते हैं इसे जिंदगी' और 'फ़िल्मी दीवाने' के लिए जाना जाता है। इन्होंने कई क्षेत्रीय टेलिविजन चैनल की शुरुआत की है जिसमें ऑस्कर मूवीज़ भोजपुर (2012) और पसंद टीवी (2021) शामिल है, और यह सबरंग फ़िल्म पुरस्कार, भोजपुरी फ़िल्म पुरस्कार और ग्रीन सिनेमा अवार्ड के निर्णायक मंडल सदस्य रह चुके हैं।

Anand Kumar Singh is a film and television producer, known for several popular programmes such as 'Number 1 Ki Duniya', 'Apne Rang Hazaar', 'Kehte Hain Ese Zindagi' and 'Filmy Deewane'. He has launched many regional television channels including Oscar Movies Bhojpur (2012) and Pasand TV (2021), and has served as a member of the Jury for the Sabrang Film Awards, the Bhojpuri Film Awards and the Green Cinema Awards.

डॉ प्रदीप केंचानुरु
Dr Pradeep Kenchanuru

डॉ. प्रदीप केंचानुरु एक शिक्षक, शोधार्थी और पटकथा लेखक हैं। इन्होंने दो कन्नड़ फ़िल्मों 'रिज़र्वेशन' और 'जिन्नी' के लिए पटकथा लेखन किया है। 'रिज़र्वेशन' को 2016 के राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में रजत कमल पुरस्कार से नवाज़ा गया और इसे सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फ़िल्म घोषित किया गया। यह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक के कलात्मक निर्देशकों में से एक हैं और इन्होंनें निट्टे अंतर्राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह (एन. आई.एफ.एफ मंगलौर) बतौर क्यूरेटर और प्रोग्रामिंग सलाहकार सेवाएं दी हैं ।

Dr. Kenchanuru is an academic and researcher as well as a screenplay writer. He has written the screen play for two Kannada films; 'Reservation' and 'Jinni'. 'Reservation' won the Rajath Kamal and was judged Best Kannada film at the National Film Awards 2016. He is one of the artistic directors at the National Institute of Technology, Karnataka and has also served as the curator and programming consultant of the Nitte International Film Festival (N.I.F.F. Mangalore).

सदस्य / MEMBER

राज कंडुकुरी
Raj Kandukuri

कंदुकुरी राजशेखर जिन्हें "राज कंदुकुरी" के नाम से भी जाना जाता है, एक फ़िल्म निर्माता, निर्देशक और वितरक हैं। धर्मपथ नाम से इनका प्रोडक्शन हाउस है जिसके बैनर तले 2008 में इन्होंने अपना पहला प्रोडक्शन किया। यह 'पेल्ली छूपुलु', 'मेंटल माधिलो', और 'गौतम बुद्ध', जैसी फ़िल्मों का निर्माण कर चुके हैं, और इन्होंने 'हृदयम केलयम', जैसी फ़िल्मों का वितरण भी किया है । यह अपने बैनर तले तेलुगु सिनेमा को कई फ़िल्मकारो, अभिनेता और तकनीशियन दे चुके है, इन्हें फ़िल्म जगत में नये टैलेंट के समर्थन के लिए जाना जाता है ।

Kandukuri Rajasekhar, popularly known as "Raj Kandukuri", is a film producer, director and distributor. He owns the production house Dharmapatha Creations, with which he debuted his first production venture in 2008. He has produced successful films like 'Pelli Choopulu', 'Mental Madhilo' and 'Gautama Buddha' and distributed films such as 'Hrudaya Kaleyam'. He has launched several filmmakers, actors and technicians in Telugu cinema, and is widely known for supporting new talent in the industry.

सदस्य / MEMBER

डॉ आर कौशल्या पोत्तुरी
Dr R Kousalya Potturi

डॉ. आर कौशल्या पोत्तुरी एक पार्श्व गायिका हैं। इन्होंने श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति से संगीत में पीएचडी और कर्नाटक संगीत में एमए किया है। इन्हें अपने गायन के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा तीन बार सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका के तौर पर नंदी अवार्ड भी शामिल है। 300 से अधिक गानों को अपनी आवाज़ दे चुकीं डॉ पोत्तुरी ने संगीत जगत के कई प्रसिद्ध संगीतकारों के साथ काम किया है। इसके अलावा, इन्होंने टेलीविजन शो, भजन और स्वतंत्र मौलिक गीतों के लिए संगीत भी तैयार किया है।

Dr. R.K. Potturi is a playback singer with a PhD in Music from Sri Padmavathi Mahila University, Tirupati, and an MA in Carnatic Music. She has been presented thrice with the Nandi Award for Best Playback Singer by the Andhra Pradesh government, among other awards and is noted for her work on over 300 film songs and her collaborations with eminent musicians. She also composes for television shows, devotional songs, and independent originals.

फ़ीचर फ़िल्म निर्णायक मंडल: पूर्व पैनल
FEATURE FILM JURY: EAST PANEL

निखिल महाजन
Nikhil Mahajan

निखिल महाजन की पहचान एक लेखक, निर्माता और निर्देशक के तौर पर की जाती है, जो मुंबई में रहते हैं। सिडनी फ़िल्म स्कूल में फ़िल्मों की पढ़ाई करने के बाद 2012 में 'पुणे 52' के साथ निखिल ने निर्देशन की शुरुआत की थी। इन्हें फ़िल्म 'गोदावरी' (2021) के लिए जाना जाता है, जिसके लिए इन्होंने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन लोटस और सर्वश्रेष्ठ निर्देशन और सर्वश्रेष्ठ पटकथा के लिए फ़िल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

Nikhil Mahajan is a writer, producer and director based out of Mumbai. He studied film at Sydney Film School and made his directorial debut with 'Pune 52' in 2012. He is best known for his film 'Godavari' (2021) for which he won the prestigious Golden Lotus for Best Direction as well as the Filmfare Award for Best Direction and Best Screenplay.

सदस्य / MEMBER

अनन्या चटर्जी
Ananya Chatterjee

अभिनेत्री अनन्या चटर्जी को अबोहोमान (2009), क्लाउड कैप्ड स्टार (2013) और द रिइन्कार्नेट (2014) में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता है। चटर्जी ने वांडो और अंग्शुमानेर चौबी में भी काम किया जिसे 2009 भारतीय पैनोरमा के लिए चुना गया। इसके साथ ही अनन्या एक मंझी हुई नृत्यांगना भी हैं ।

Ananya Chatterjee is an actress, best known for her roles in 'Abohomaan' (2009), 'Cloud Capped Star' (2013) and 'The Reincarnate' (2014). She has also featured in the films 'Dwando' and 'Angshumaner Chhobi', both of which were selected in the Indian Panorama 2009. She also happens to be an accomplished dancer.

सदस्य / MEMBER

एम मनिराम
M Maniram

एम मनिराम एक निर्देशक, निर्माता और पटकथा लेखक हैं। ऑल मणिपुर वीडियो फ़िल्म मेकर्स एंड प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन से फ़िल्म और वीडियो प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षित मनीराम ने सहायक निर्देशक के रूप में शुरुआत की और 2006 में टेलीसीरियल 'सुर संगम' के साथ निर्देशक बने। इन्होंने विभिन्न भाषाओं में सरकारी विभागों और दूरदर्शन के लिए कई कार्यक्रमों का निर्देशन और निर्माण किया है। इनकी पहली फ़िल्म , 'मोन जय' को 2008 में इफ्फी में भारतीय पैनोरमा के लिए चुना गया था और उसे राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था।

M Maniram is a film maker, director, producer and scriptwriter. Trained in film and video technology by All Manipur Video Filmmakers and Producers Association, Maniram started out as assistant director, becoming a director with the teleserial 'Sur Sangam' in 2006. He has directed and produced many projects for government departments and Doordarshan in various languages. His debut film, 'Mon Jai', was selected for Indian Panorama at IFFI in 2008 and also won a National Award.

ओइनम गौतम सिंह
Oinam Gautam Singh

ओइनम गौतम सिंह, एक संपादक और निर्देशक हैं जो फ़िल्मों में प्रवेश से पहले फोटोग्राफी और मल्टीमीडिया के काम से जुड़े थे। गौतम ने अरिबम स्याम शर्मा जैसे मणिपुरी सिनेमा के कुछ धुरंधर निर्देशकों के साथ काम किया और मणिपुर फ़िल्म फोरम के महासचिव का पद भी संभाला। इनकी फ़िल्म 'फिजिगी मणि' को 2011 भारतीय पैनेरोमा के लिए चुना गया और उसे इफ्फी में दिखाया गया, इसके साथ ही फ़िल्म को 59वें फ़िल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मणिपुरी फीचर फ़िल्म से नवाज़ा गया।

Oinam Gautam is an editor and director, who initially began working with photography and multimedia before transitioning to films. He worked with a few directorial stalwarts of Manipuri cinema, such as Aribam Syam Sharma and served as General Secretary of Film Forum, Manipur. His film 'Phijigee Mani' was selected in the Indian Panorama in 2011, screened at IFFI and then awarded Best Manipuri Feature Film in the 59th Film Awards.

शिवम छाबड़ा
Shivam Chhabra

युवा मीडिया उद्यमी शिवम छाबड़ा, एमएचवन टीवी नेटवर्क प्रायवेट लिमिटेड के निर्देशक हैं। साथ ही वह 17वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म समारोह (2022) की स्क्रीनिंग समिति के सदस्य, 53वें इफ्फी की प्रीव्यू समिति के सदस्य और 2023 के उत्तर पूर्व फ़िल्म फेस्टिवल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

Shivam Chhabra is a young media entrepreneur. He is the Director of MH One TV Network Pvt Ltd. He was a member of the Screening Committee of the 17th Mumbai International Film Festival (2022), a member of the Preview Committee of the 53rd International Film Festival of India and served at the North East Film Festival (2023).

फ़ीचर फ़िल्म निर्णायक मंडल: पश्चिम पैनल
FEATURE FILM JURY: WEST PANEL

अध्यक्ष / CHAIRPERSON

प्रिया कृष्णास्वामी
Priya Krishnaswamy

प्रिया कृष्णास्वामी, एफटीआईआई, पुणे से प्रशिक्षित एक फ़िल्म निर्माता हैं। इन्होंने 'ओम दर-ब-दर' (1988), 'पर्सी' (1989), 'काफ़िला' (1990), 'बॉम्बे बॉयज़' (1998), 'भोपाल एक्सप्रेस' (1999) आदि फ़िल्मों का संपादन किया है। आगे चलकर 'गंगूबाई' (2013), 'बारम' (2018) से इन्होंनें निर्देशन की कमान संभाली।

Priya Krishnaswamy is a filmmaker from FTII, Pune. She has edited films like 'Om Dar-b-Dar' (1988), 'Percy' (1989), 'Kaafila' (1990), 'Bombay Boys' (1998), 'Bhopal Express' (1999), etc. Following 'Gangoobai' (2013), 'Baaram' (2018) is the second film she has helmed as director.

सदस्य / MEMBER

अभिषेक जैन
Abhishek Jain

निर्माता-निर्देशक अभिषेक जैन ने अपने बैनर - सिनेमैन प्रोडक्शन्स के बैनर तले गुजराती फीचर फ़िल्म 'केवी रीते जैश' से फ़िल्मी सफर की शुरुआत की और फिर इनके खाते में जुड़ी सबसे लंबे समय तक चलने वाली और सबसे अधिक जगह रिलीज़ होने वाली गुजराती फ़िल्म 'बे यार'। 'विट्ठल टीडी' जैसा शो देने वाला ओटीटी प्लेटफॉर्म ओहो गुजराती लॉन्च करने का श्रेय भी इन्हें ही जाता है। इन्होंने गुजराती फ़िल्म 'रॉन्ग साइड राजू' का भी निर्माण किया, जिसने राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किया जिसके बाद इन्होंने फ़िल्म 'हम दो, हमारे दो' से बॉलीवुड में प्रवेश किया।

Abhishek Jain is a director and producer who debuted his Gujarati feature film 'Kevi Rite Jaish' under his own banner; CineMan Productions. This was followed by 'Bey Yaar', the longest-running and widest released Gujarati film. He launched Oho Gujarati, the first Gujarati OTT platform featuring shows like 'Vitthal Teedi'. He also produced 'Wrong Side Raju', a Gujarati film which won a National Award, thereafter debuting in Bollywood with his film 'Hum Do, Hamaare Do'.

सदस्य / MEMBER

दिनेश पुंडलिक भोंसले
Dinesh Pundalik Bhosale

दिनेश पुंडलिक भोंसले एक फ़िल्म निर्माता हैं, जो गोवा से ताल्लुक़ रखते हैं। विज्ञान में स्नातक होने के बाद, इन्होंने थिएटर कला में अपना डिप्लोमा पूरा किया। इन्होंने प्रसिद्ध फ़िल्म संपादक वामन भोंसले के अधीन काम किया और तब से दो फीचर फ़िल्म मराठी में 'मर्मबंध' और हिंदी में 'कैलापोर' का निर्देशन कर चुके हैं।

Dinesh P. Bhonsle is a filmmaker from Goa. After graduating in science, he completed his diploma in theatre art. He worked under renowned film editor Waman Bhonsle and has since then directed two projects: the Marathi feature film 'Marmabandh' and the Hindi feature film 'Calapor'.

सदस्य / MEMBER

तृप्ती भोईर
Trupti Bhoir

अभिनेत्री तृप्ती भोईर मराठी फ़िल्म और टेलीविजन उद्योग में काम करती हैं जिन्होंने 'बाघ हाट दखावन' (2000) से अपना सफर शुरु किया था । यह 'अगदबम' (2013) में नाजुका की भूमिका के साथ-साथ 'इश्या', 'ओवल्ते भौराया' और 'पौलखुना' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में दुल्हन की गुलामी के मुद्दे पर बनी अपनी फ़िल्म 'पारो' को वह कान फ़िल्म फेस्टिवल लेकर गई थीं।

Trupti Bhoir is an actress who works in the Marathi film and television industry. She made her debut in 'Bagh Haat Dakhavan' (2000). She is widely known for playing the role of Najuka in 'Agadbam' (2013) as well as her roles in 'Ishya', 'Ovalte Bhauraya' and 'Paulkhuna'. She recently took her film 'Paro', on the issue of bride slavery, to Cannes Film Festival.

सदस्य / MEMBER

उमेश कुमार शर्मा
Umesh Kumar Sharma

उमेश कुमार शर्मा एक पेशेवर मीडियाकर्मी है, जिन्हे संचार व्यवस्था और व्यापार विस्तार में विशेष रुचि है। यह कई ब्रांड और बिजनेस के लिए के लिए संचार गतिविधि कर चुके हैं, जिसका मकसद प्रबंधन टीम का विकास और उसे मजबूती प्रदान करना होता है ताकि कंपनी का लाभ और क्षमता का विकास हो सके।

Umesh Kumar Sharma is a media professional with a passion for communications and business maximisation. He works in communications for various brands and businesses, with the aim to develop and strengthen management teams in order to maximize company profitability and efficiency.

70

फ़ीचर फ़िल्म / FEATURE FILM

किसी भी भारतीय भाषा में बनी फ़िल्में, जो डिजिटल या वीडियो प्रारूप में शूट की गई हों अथवा फ़िल्म, वीडियो या डिजिटल प्रारूप में रिलीज़ की गई हों।

फ़िल्में, जिन्हें केंद्रीय फ़िल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा फ़ीचर फ़िल्म के रूप में 2022 में प्रमाणित किया गया हो, **फ़ीचर फ़िल्म वर्ग** के लिए पात्र हैं।

Films made in any Indian language, shot in digital or video format, and released on film, video, or digital format.

The films certified by the Central Board of Film Certification as a feature film in the year 2022 are eligible for the **Feature Film Section.**

राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार २०२२
National Film Awards 2022

77वें

फ़ीचर फ़िल्में
FEATURE FILMS

फ़ीचर फ़िल्में , एक नज़र में
Feature Films At A Glance

आट्टम **AATTAM**	सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म **Best Feature Film**	058	सर्वश्रेष्ठ पटकथा (मौलिक) **Best Screenplay (Original)**	102
	सर्वश्रेष्ठ संपादन **Best Editing**	106		
अपराजित **APARAJITO**	सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन डिज़ाइन **Best Production Design**	107	सर्वश्रेष्ठ मेकअप **Best Make-Up**	109
बाघी दि धी **BAGHI DI DHEE**	सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फ़िल्म **Best Punjabi Film**	084		
ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1: शिवा **BRAHMASTRA- PART 1: SHIVA**	एवीजीसी में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म **Best Film in AVGC**	066	सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक **Best Male Playback Singer**	099
	सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (गीत) **Best Music Direction (Songs)**	110		
दमन **DAMAN**	सर्वश्रेष्ठ उड़िया फ़िल्म **Best Odia Film**	082		
ऐमुठी पुठी **EMUTHI PUTHI**	सर्वश्रेष्ठ असमिया फ़िल्म **Best Assamese Film**	070		
फ़ौजा **FOUJA**	निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ प्रथम फ़िल्म **Best Debut Film of a Director**	060	सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता **Best Actor in Supporting Role**	096
	सर्वश्रेष्ठ गीत **Best Lyrics**	112		

गुलमोहर **GULMOHAR**	सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फ़िल्म **Best Hindi Film**	074	सर्वश्रेष्ठ पटकथा (संवाद लेखक) **Best Screenplay (Dialogues Writer)**	103
	विशेष उल्लेख **Special Mention**	119		
के.जी.एफ चैप्टर -2 **K.G.F: CHAPTER 2**	सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फ़िल्म **Best Kannada Film**	076	सर्वश्रेष्ठ एक्शन निर्देशन (स्टंट कोरियोग्राफी) **Best Action Direction Award (Stunt Choreography)**	114
काबेरी अंतरधान **KABERI ANTARDHAN**	सर्वश्रेष्ठ बांग्ला फ़िल्म **Best Bengali Film**	072		
कधिकन **KADHIKAN**	विशेष उल्लेख **Special Mention**	120		
कांतारा **KANTARA**	संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म **Award for Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment**	062	मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता **Best Actor in a Leading Role**	093
कार्तिकेय -2 **KARTHIKEYA-2**	सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फ़िल्म **Best Telugu Film**	088		
कच्छ एक्सप्रेस **KUTCH EXPRESS**	राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों पर सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म **Best Feature Film Promoting National, Social and Environmental Values**	064	मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री **Best Actress in a Leading Role**	095
			सर्वश्रेष्ठ वेशभूषाकार **Best Costume Design**	108

फ़ीचर फ़िल्में , एक नज़र में
Feature Films At A Glance

मलिकाप्पुरम **MALIKAPPURAM**	सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार **Best Child Artist**	098		
पोन्नियन सेल्वन - पार्ट 1 **PONNIYIN SELVAN - PART I**	सर्वश्रेष्ठ तमिल फ़िल्म **Best Tamil Film**	086	सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफी **Best Cinematography**	101
	सर्वश्रेष्ठ ध्वनि डिज़ाइन **Best Sound Design**	105	सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन (बैकग्राउंड) **Best Music Direction (Background)**	111
सउदी वेल्लाक्का सीसी.225/2009 **SAUDI VELLAKKA** **CC.225/2009**	सर्वश्रेष्ठ मलयालम फ़िल्म **Best Malayalam Film**	078	सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका **Best Female Playback Singer**	100
सिकैसल **SIKAISAL**	सर्वश्रेष्ठ तिवा फ़िल्म **Best Tiwa Film**	090		
थिरुचित्रम्बलम **THIRUCHITRAMBALAM**	मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री **Best Actress in a Leading Role**	094	सर्वश्रेष्ठ नृत्य कला **Best Choreography**	113
ऊँचाई **UUNCHAI**	सर्वश्रेष्ठ निर्देशन **Best Direction**	092	सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री **Best Actress in Supporting Role**	097
वाल्वी **VAALVI**	सर्वश्रेष्ठ मराठी फ़िल्म **Best Marathi Film**	080		

आट्टम
AATTAM

मलयालम / **Malayalam** | **141** minutes

पुरस्कार / AWARD

सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म
Best Feature Film

स्वर्ण कमल | **Swarna Kamal**
₹3,00,000/-

Director	Anand Ekarshi
Producer	Joy Movie Productions LLP
Editor	Mahesh Bhuvanend
Cinematographer	Anurudh Aneesh
Sound Designer	Renganaath Ravee

कथासार / SYNOPSIS

एक रंगमंच समूह को हरि की बदौलत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका मिलता है, हरि, मुख्य अभिनेता विनय की जगह ले लेता है। अंजली जो नाटक की एक मात्र महिला कलाकार है, वह विनय को बताती है कि हरी ने उसके साथ बदसलूकी की थी। आगे चलकर पूरी टीम इस बारे में विचार विमर्श करती है और आखिरकार हरि को निकाल दिया जाता है। दोस्ती दांव पर होती है लेकिन लोगों के ज़मीर को खरीदने के लिए पैसो और सफलता का लालच दिया जाता है।

A theatre group has a shot at international recognition through Hari, who replaces Vinay as the lead. Anjaly, the only female member, informs Vinay she was mistreated by Hari. There follows a team discussion, leading to Hari's expulsion. Friendships and the chance for success are at stake as conflict ensues.

आट्टम एक रंगमंच समूह की महिला कलाकार के ख़िलाफ हुए अपराध के माध्यम से समाज के बदसूरत पहलू की पड़ताल करती है। इस रंगमंच समूह को केंद्र में रखते हुए एक काव्यात्मक लहज़े में, फ़िल्म सहानुभूति, प्रेम, ईर्ष्या, क्रोध, पश्चाताप और आगे बने रहने की चाहत को दिखाती है, जो कहानी को तीव्रता प्रदान करती है।

Aattam explores the ugly facades of society through a crime against one of the women performers in a theatre group. Centering this troupe, with a touch of poetics, the film shows us shades of empathy, love, jealousy, anger, remorse and the quest to remain ahead, lending intensity to the story.

निर्माता / PRODUCER

जॉय मूवी प्रोडक्शंस एलएलपी
Joy Movie Productions LLP

जॉय मूवी प्रोडक्शंस एक प्रोडक्शन हाउस है जिसकी स्थापना न्यूक्लियर मेडिसिन चिकित्सक और व्यवसायी डॉ. अजित जॉय ने डॉ. जॉयज़ वेंचर्स के माध्यम से की है, जिनके कई व्यवसाय हैं, जिसमें स्टूडियो आइरिस, जॉय म्यूजिक और आइरिस पिक्सल्स आते हैं, इन्होंने फ़िल्म निर्माण व्यवसाय में कदम रखा है और 'विचित्राम', "चार्ल्स एंटरप्राइजेज", 'मुकुंदन उन्नी एसोसिएट्' और 'आट्टम' जैसी फ़िल्मों का निर्माण किया है।

Joy Movie Productions is one of many business ventures helmed by Dr. Ajith Joy, a nuclear medicine physician and a businessman. Affiliated with Studio Iris, Joy Music and Iris Pixels, it has ventured into the filmmaking business and has produced films like 'Vichithram', 'Charles Enterprises', 'Mukundan Unni Associates' and Aattam.

निर्देशक / DIRECTOR

आनंद एकर्षि
Anand Ekarshi

आनंद एकार्षि केरल के एक फ़िल्मकार हैं। इनकी दिलचस्पी रंगमंच में रही है, और यह 10 साल की उम्र से अभिनय कर रहे हैं, और फ़िल्म निर्माण के जुनून के साथ ही बढ़े हुए हैं। यह कहानी कहने की अपनी कला का श्रेय कोच्चि के रंगमंच समूह लोकधर्मी को देते हैं। इन्होंने मलयालम में कई लघु फ़िल्में और म्यूज़िक वीडियो बनाए हैं।

Anand Ekarshi is a filmmaker from Kerala, India. His interest in theatre and acting began at the age of 10, and grew into a passion for filmmaking. He credits his roots in storytelling to Lokadharmi, a Kochi-based theatre group, and has made several short films and music videos in Malayalam.

फ़ौजा
FOUJA

हरयाणवी / **Haryanvi** | **091** minutes

पुरस्कार / AWARD

निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ प्रथम फ़िल्म
Best Debut Film of a Director

स्वर्ण कमल | **Swarna Kamal**
₹3,00,000/-

Director	Pramod Kumar
Producer	Raahi Production
Editor	Jitender Prakash Dongare
Cinematographer	Shashank Virag
Sound Designer	Dipan Das, Neeraj Rohilla

कथासार / SYNOPSIS

फ़ौजा की कहानी हरियाणा के एक ऐसे परिवार की है, जहां सेना में भर्ती होने की परंपरा रही है। जब एक दुर्घटना में अपना पैर गंवा देने की वजह से फ़ौजा सेना में नहीं जा पाता है तो उसे यह उम्मीद है कि उसका बेटा उसके सपनों को पूरा करेगा, लेकिन उसका बेटा ऐसा नहीं चाहता है। फ़िल्म पिता-पुत्र के बीच के द्वंद्व को दिखाती है।

एक भारतीय परिवार जिसमें सेना में भर्ती होकर देश-सेवा की परंपरा रही है। शारीरिक परेशानियों के कारण फ़ौजा इस परंपरा को जारी रखने में असमर्थ होता है, लेकिन अगली पीढ़ी को सेना में शामिल होने के लिए तैयार करता है।

Fouja centers on a family from Haryana who have a tradition of joining the army. Since he lost a limb in an accident and couldn't join, Fouja hopes that his son will fulfill his dream of conscripting instead, but he doesn't want to - the film follows this father-son conflict.

An Indian family has a tradition of serving the nation by joining the Army. Due to physical unfitness, Fouja is unable to continue the tradition but prepares the next generation to join the Army and fulfill this dream.

प्रमोद कुमार
Pramod Kumar

रंगमंच पर बतौर निर्देशक और अभिनेता दो दशक बिता देने के बाद प्रमोद कुमार ने 'फ़ौजा' फ़िल्मों से रजत पटल की ओर रुख किया है। इससे पहले यह सौ से ज्यादा नाटकों का मंचन और प्रदर्शन कर चुके हैं और हरियाणा में सामाज सुधार से जुड़ी कई पहल का हिस्सा रह चुके हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का बलराज साहनी पुरस्कार भी प्राप्त हो चुका है।

With more than 20 years of theater experience as a director and actor, Pramod Kumar makes his film debut with 'Fouja'. He has staged and performed over a hundred plays and has also initiated many social-impact initiatives in Haryana. He has been awarded the Balraj Sahni Award for Best Actor.

कांतारा
KANTARA

कन्नड़ / **Kannada** | **150** minutes

पुरस्कार / AWARD

संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
Award for Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment

स्वर्ण कमल | **Swarna Kamal**
₹3,00,000/-

Director	Rishab Shetty
Producer	Hombale Films LLP
Editor	Pratheek Shetty, KM Prakash
Cinematographer	Arvind S Kashyap
Sound Designer	Raja Krishna M R

कथासार / SYNOPSIS

दक्षिणा कन्नड़ नाम के काल्पनिक गांव की कहानी बताती कांतारा, प्रकृति और इंसानों के बीच के वैचारिक द्वंद्व की पड़ताल करती है। जंगलो के साथ सहभागिता में रह रही जनजाति की जिंदगी में एक वन अधिकारी बाधा बनता है, उसे लगता है कि जनजातियों की कुछ प्रथाएं और रिवाज़ प्रकृति और ज़मीन के लिए खतरा हैं। बस यही बात एक संघर्ष को जन्म देती है।

कांतारा एक दिल को छू लेने वाली फ़िल्म जो दमदार तरीके से धार्मिक मान्यताओं के भीतर गढ़ी कहानियों को दिखाती है। दर्शकों के दिमाग के माध्यम से, फ़िल्म दिलों को जोड़ती है और बंद विचारों की खिड़कियां खोलती है।

Kantara is a story set in the fictional village of Dakshina Kannada which explores the age-old conflict between humans and nature. A tribe's coexistence with the forest is strained by a forest officer who feels that the tribe's practices pose a 'threat' to the land, with various complications breaking out.

Kantara is the most heartwarming picture that has appealingly displayed the inner story of religious beliefs. Through the viewers' minds, the film creates a deliberation of collective connection to hearts and opens the windows of locked thoughts.

निर्माता / PRODUCER

होम्बले फ़िल्म्स एलएलपी
Hombale Films LLP

होम्बले फ़िल्म्स एक फ़िल्म निर्माण कंपनी है जिसकी स्थापना दूरदर्शी फ़िल्म निर्माता विजय किरागांदुर ने की है। विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के जुनून के साथ इन्होंने, 'केजीएफ चैप्टर 1', 'केजीएफ चैप्टर 2' और 'कांतारा' जैसी उल्लेखनीय ब्लॉकबस्टर फ़िल्मों का निर्माण किया है, जिन्होंने मनोरंजन उद्योग को फिर से परिभाषित किया है और इनके प्रोडक्शन को फ़िल्म उद्योग में जितनी सराहना मिली है उतना ही इन्होंनें पुरस्कार भी जीते हैं।

Hombale Films is a film production company founded by visionary filmmaker Vijay Kiragandur. With a passion for promoting Indian culture globally, he has produced notable films like 'KGF Chapter','KGF Chapter 2' and 'Kantara' which have redefined the entertainment industry, earning him many awards and accolades.

निर्देशक / DIRECTOR

रिषभ शेट्टी
Rishab Shetty

रिषभ शेट्टी, अभिनेता और फ़िल्मकार हैं जो कन्नड़ फ़िल्म जगत से जुड़े हुए हैं। इन्हें समीक्षकों द्वारा सराही गई ब्लॉकबस्टर, 'कांतारा' के लिए जाना जाता है, इन्हें 'प्रा. शाले, कासरगोडु, कोडुगे' के लिए 66वें राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ बाल फ़िल्म का पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। "किर्की पार्टी" इनके निर्देशन की पहली फ़िल्म है।

Rishab Shetty is an actor and filmmaker in the Kannada film industry. Known for his critically acclaimed blockbuster, 'Kantara', he has been awarded the Best Children's Film at the 66th National Film Awards for 'Sarkari Hi. Pra. Shaale, Kasaragodu', his directorial debut and has also directed the entertainer 'Kirik Party'.

कच्छ एक्सप्रेस
KUTCH EXPRESS

गुजराती / **Gujarati** | **134** minutes

पुरस्कार / AWARD

राष्ट्रीय, सामाजिक और पर्यावरणीय मूल्यों पर सर्वश्रेष्ठ फ़ीचर फ़िल्म
Best Feature Film Promoting National, Social and Environmental Values

रजत कमल | **Rajat Kamal**
₹2,00,000/-

Director	Viral Shah
Producer	Soul Sutra LLP
Editor	Chandrashekhar Prajapati
Cinematographer	Dhawalika Singh
Sound Designer	Yash Darji

कथासार / SYNOPSIS

कच्छ एक्सप्रेस एक गुजराती फ़िल्म है जो आत्म-खोज और व्यक्तिगत विकास की एक मार्मिक कहानी को एक साथ जोड़ती है। कहानी कच्छ के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और जीवंत क्षेत्र में एक महिला की परिवर्तनकारी यात्रा पर केंद्रित है। कैसे वह विभिन्न व्यक्तिगत और पारिवारिक चुनौतियों से गुजरते हुए, गहरी भावनाओं और सामाजिक अपेक्षाओं का सामना करती है।

कच्छ एक्सप्रेस एक गुजराती फ़िल्म जो परिवार को केंद्र में रखकर महिला के उनमुक्त होने का सपना पिरोती है। पितृसत्तात्मक समाज में एक महिला का संघर्ष और उसकी सफलता हासिल करने की कहानी को बेहद संवेदनशील तरीके से दिखाया गया है। पारंपरिक लोक-कला की पृष्ठभूमि ने फ़िल्म को और विस्तार दे दिया।

Kutch Express is a Gujarati film that intricately weaves together a moving tale of self-discovery and personal growth. The story centers around a woman’s transformative journey through the culturally rich and vibrant region of Kutch. As she navigates various personal and familial challenges, she confronts deep-seated emotions and societal expectations.

Kutch Express a Gujarati film takes family as its subject and weaves a dream for women's liberation. In a male-dominated society, a woman's struggle and her rise to success is treated with great sensitivity and insight. The backdrop of traditional folk arts broadens the scope of the film.

निर्माता / PRODUCER

सोल सुत्र एलएलपी
Soul Sutra LLP

सोल सूत्र फ़िल्म प्रोडक्शन हाउस गुजराती सिनेमा में अपने उल्लेखनीय योगदान के लिए जाना जाता है। दर्शकों को सम्मोहित कर देने वाली कहानियां कहने के मकसद के साथ सोलसूत्र तीन गुजराती फ़िल्मों का सफलतापूर्वक निर्माण कर चुका है। इन्होंनें वेब सीरिज के क्षेत्र में भी कदम रखा है और दो चर्चित सीरिज का निर्माण किया है जिसे दर्शकों ने काफी सराहा है।

Soul Sutra is a film production house renowned for its significant contribution to Gujarati cinema. With a vision to tell compelling stories that resonate with audiences, Soulsutra has successfully produced three Gujarati films. They have also ventured into web series, creating two popular series that have captivated viewers.

निर्देशक / DIRECTOR

विरल शाह
Viral Shah

विरल शाह एक फ़िल्मकार और पटकथा लेखक हैं जिन्हें गुजराती सिनेमा में उनके काम के लिए जाना जाता है। इन्होंनें ऊषा प्रवीण गांधी प्रबंधन महाविद्यालय से मीडिया में शिक्षा अर्जित की है। इसके बाद से इन्होंनें कई उल्लेखनीय फ़िल्मे बनाई जिसमें, 'मिडनाइट्ट विद मेनका' (2018), 'गोलकेरी' (2020), 'कच्छ एक्सप्रेस' (2022) शामिल है।

Viral Shah is a filmmaker and screenwriter known for his work in Gujarati cinema. He pursued his education in media studies at the Usha Pravin Gandhi College of Management. He has, since, directed several notable films, including 'Midnights with Menka' (2018), 'Golkeri' (2020), 'Kutch Express' (2022).

ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1: शिवा
BRAHMASTRA- PART 1: SHIVA

हिन्दी / **Hindi** | **167** minutes

पुरस्कार / AWARD

एवीजीसी में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
Best Film in AVGC

स्वर्ण कमल | **Swarna Kamal**
₹3,00,000/-

Director	Ayan Mukerji
Producer	Dharma Productions Pvt Ltd, Prime Focus Ltd, Starlight Pictures, Star Studios
Editor	Prakash Kurup
Cinematographer	V Manikandan ISC, Pankaj Kumar, Sudeep Chatterjee ISC, Vikash Nowlakha & Patrick Duroux
Sound Designer	Bishwadeep Chatterjee

कथासार / SYNOPSIS

ब्रह्मास्त्र भारतीय पौराणिक और आधुनिक भारत को एक साथ जोड़ती एक फंतासी कथा है, जिसका निर्देशन अयन मुखर्जी ने किया है। त्रयी के तौर पर बनी ब्रह्मास्त्र के पहला पार्ट: शिवा की कहानी मुंबई के एक ऐसे अनाथ लड़के की है, जिसे आग के साथ अपने जादुई नाते का पता चलता है जो रहस्यमयी ताकतों और प्रेम के ज़रिये अपने नियति तक पहुंचने की यात्रा पर निकलता है।

एक आदर्श मल्टीवर्स यानि ब्रह्मांडो की रचना के लिए जिसमें भारतीय महाकाव्य और पौराणिक कथाओं को निर्बाध तरीके से जोड़ा गया है।

Brahmāstra is an epic fantasy-adventure trilogy blending Indian mythology with modern India. Directed by Ayan Mukerji, Part One: Shiva follows an orphan from Mumbai who discovers his magical connection to fire and embarks on a journey through mystical forces and epic love to fulfill his destiny.

For creating a utopian multiverse that seamlessly blends Indian Epics and Mythology together.

धर्मा प्रोडक्शंस प्रा. लि.
Dharma Productions Pvt Ltd

धर्मा प्रोडक्शन्स भारत के शीर्ष प्रोडक्शन हाउस में से एक है, जिसकी कमान करण जौहर के हाथों में हैं, इस कंपनी की स्थापना इनके पिता ने 1976 में की थी और 35 से ज्यादा फ़िल्मों का निर्माण किया, जिसमें कई फ़िल्में ब्लॉकबस्टर रहीं।

Dharma Productions is one of India's top film production houses. Led now by Karan Johar, the company was founded by his father in 1976 and has gone on to produce more than 35 films, including many critically acclaimed blockbusters.

प्राइम फोकस लि.
Prime Focus Ltd

प्राइम फ़ोकस स्टूडियोज एक स्वतंत्र प्रोडक्शन कंपनी है जो विश्व स्तरीय, दिलचस्प और अनूठा कंटेट निर्मित करती है। नमित मल्होत्रा के नेतृत्व में, प्राइम फोकस स्टूडियो लाइव-एक्शन और एनिमेटेड मोशन पिक्चर्स और गेमिंग में सामग्री और आईपी में निवेश करता है और इसे विकसित करता है।

Prime Focus Studios is an independent production company dedicated to the creation of innovative and exciting global content. Led by Namit Malhotra, Prime Focus Studios invests in and develops content and IP across live-action and animated motion pictures, and gaming.

स्टारलाइट पिक्चर्स
Starlight Pictures

स्टारलाइट पिक्चर्स प्रा.लि अयान मुखर्जी द्वारा स्थापित कंपनी है, जो सभी प्लेटफार्मों के लिए विभिन्न मीडिया का निर्माण और निर्देशन करके मनोरंजन सेवाएं प्रदान करने का व्यवसाय करती है। इन्होंनें सिनेमा में ,हिंदू पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक मौलिक दुनिया को रचने का काम किया है, जिसे इन्होंनें एस्ट्रावर्स का नाम दिया है।

Starlight Pictures Pvt. Ltd. is a company founded by Ayan Mukerji, in the business of rendering entertainment services by producing and directing various media across platforms. It has brought to life an original Universe of Cinema called Astraverse, derived from Hindu mythology.

स्टार स्टूडियोज़
Star Studios

स्टार स्टूडियोज़ भारत की एक अग्रणी फ़िल्म प्रोडक्शन है और वितरण कंपनी है, यह स्टार इंडिया प्रा. लि का एक विभाग है और डिज़्नी समूह की सहयोगी है। स्टार स्टूडियोज कई सफल और सराहनीय फ़िल्मों का निर्माण कर चुका है।

Star Studios is a leading India-based movie production and distribution company and a division of STAR India Pvt. Ltd., a subsidiary of the Disney Group. Star Studios has achieved significant box office and critical success with projects like 'My Name is Khan', 'Kaaka Muttai', 'Jolly LLB', 'Neerja' and 'Sanju'.

ब्रह्मास्त्र- पार्ट 1: शिवा
BRAHMASTRA- PART 1: SHIVA

हिन्दी / **Hindi** | **167** minutes

पुरस्कार / AWARD

एवीजीसी में सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म
Best Film in AVGC

स्वर्ण कमल | **Swarna Kamal**
₹3,00,000/-

Director	Ayan Mukerji
Producer	Dharma Productions Pvt Ltd, Prime Focus Ltd, Starlight Pictures, Star Studios
Editor	Prakash Kurup
Cinematographer	V Manikandan ISC, Pankaj Kumar, Sudeep Chatterjee ISC, Vikash Nowlakha & Patrick Duroux
Sound Designer	Bishwadeep Chatterjee

कथासार / SYNOPSIS

ब्रह्मास्त्र भारतीय पौराणिक और आधुनिक भारत को एक साथ जोड़ती एक फंतासी कथा है, जिसका निर्देशन अयन मुखर्जी ने किया है। त्रयी के तौर पर बनी ब्रह्मास्त्र के पहला पार्ट: शिवा की कहानी मुंबई के एक ऐसे अनाथ लड़के की है, जिसे आग के साथ अपने जादुई नाते का पता चलता है जो रहस्यमयी ताकतों और प्रेम के ज़रिये अपने नियति तक पहुंचने की यात्रा पर निकलता है।

एक आदर्श मल्टीवर्स यानि ब्रह्मांडो की रचना के लिए जिसमें भारतीय महाकाव्य और पौराणिक कथाओं को निर्बाध तरीके से जोड़ा गया है।

Brahmāstra is an epic fantasy-adventure trilogy blending Indian mythology with modern India. Directed by Ayan Mukerji, Part One: Shiva follows an orphan from Mumbai who discovers his magical connection to fire and embarks on a journey through mystical forces and epic love to fulfill his destiny.

For creating a utopian multiverse that seamlessly blends Indian Epics and Mythology together.

अयान मुखर्जी
Ayan Mukerji

अयान मुखर्जी , लेखक-निर्देशक हैं, इनकी पहली फ़िल्म 'वेक अप सिड' को आलोचनात्मक और व्यावसायिक सफलता मिली। उनकी फ़िल्म 'ये जवानी है दीवानी' रिकॉर्ड तोड़ हिट रही थी। इसके बाद उन्होंने हिंदू पौराणिक कथाओं और फंतासी पर काम किया, 'ब्रह्मास्त्र' बनाई, जो एक त्रयी में पहली फ़िल्म थी, जिसने भारतीय सिनेमा में वीएफएक्स के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

Ayan Mukerji is a writer-director whose debut film 'Wake Up Sid' garnered critical and commercial success. His film 'Yeh Jawani Hai Deewani' was a record-breaking hit. He tackled Hindu mythology and fantasy next, creating 'Brahmāstra', the first film in a trilogy, setting a new bar for VFX in Indian cinema.

ऐमुठी पुठी
EMUTHI PUTHI

104 minutes

पुरस्कार / AWARD

सर्वश्रेष्ठ असमिया फ़िल्म
Best Assamese Film

रजत कमल | **Rajat Kamal**
₹2,00,000/-

Director	Kulanandini Mahanta
Producer	Metanormal Motion Pictures Pvt Ltd, Ruhan Films
Editor	Shweta Rai Chamling
Cinematographer	Ujwala Viswanath
Sound Designer	Rukmajit Baruah, Bulganin Baruah

कथासार / SYNOPSIS

रितिका अपनी मां के सख्त रवैये के साथ रहते हुए तंग आ चुकी है, वह भागने की योजना बनाती है लेकिन उसके पास पैसों की कमी है। उसकी दादी मखोनी भी एक पौराणिक झील पर जाना चाहती हैं तो दोनों साथ में भाग जाते हैं, लेकिन उसकी मां इंदिरा उनका पीछा करती है, झील पर पहुंचकर रितिका का प्यार और इंदिरा की मांगे मखोनी पर किसी एक को चुनने का दबाव डालती है।

मानवीय महत्वाकांक्षा और पूर्ति की जटिलता पर शानदार कहानी के लिए।

Ritika despises her strict life under her single mother Indira and plans to escape but lacks the funds. Her grandmother Makhoni also wants to leave for a mythical lake. They flee together, but Indira pursues them. At the lake, Ritika's love and Indira's demands force Makhoni to make a choice.

For its brilliant narrative on the complex nature of human ambition and fulfillment.

मेटानॉर्मल मोशन पिक्चर्स प्रा. लि.
Metanormal Motion Pictures Pvt Ltd

भास्कर हज़ारिका और श्याम बोरा के नेतृत्व में 2013 में स्थापित, मेटानॉर्मल की नवीनतम हिंदी फ़िल्म, 'सेकेंड चांस', का प्रीमियर 58वें कार्लोवी वेरी इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में हुआ। कंपनी ने 'ऐमुठी पुठी' (2022), 'आमिस' (2019) और 'कोथानोडी' (2015) जैसी प्रशंसित असमिया फ़िल्में बनाई हैं, जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार जीते हैं।

Founded in 2013, Metanormal's latest Hindi film, 'Second Chance', premiered at the 58th Karlovy Vary International Film Festival. The company has produced acclaimed Assamese films like 'Emuthi Puthi' (2022), 'Aamis' (2019) and 'Kothanodi' (2015), which have won National Film Awards. Metanormal is led by Bhaskar Hazarika and Shyam Bora.

रुहान फ़िल्म्स
Ruhan Films

रुहान फ़िल्म्स की स्थापना सुनील अग्रवाल ने की थी, जिन्हें जिंदगी से जुड़ी कहानियों को सिनेमा पर उतारने का जुनून है। 'ऐमुठी पुठी' इस कंपनी की पहली फ़िल्म है।

Ruhaan Films was founded by Shri Sunil Agarwal who is passionate about bringing cinematic stories to life. 'Emuthi Puthi' is the company's first feature film production.

कुलनन्दिनी महंता
Kulanandini Mahanta

छायाकार-निर्देशक, कुलनंदिनी महंता ने उत्तरपूर्व फिल्म महोत्सव में 'ऐमुठी पुठी' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (रजत) और आर.के. यूनिवर्स में निर्देशक की पहली सर्वश्रेष्ठ फ़िल्म का पुरस्कार जीता। कोलोराडो फ़िल्म स्कूल में सिनेमैटोग्राफी में शिक्षित, कुलनंदिनी ने विभिन्न हॉलीवुड परियोजनाओं और यूनिसेफ के साथ काम किया है। वह एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक, चित्रकार और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार भी हैं।

Kulanandini Mahanta, a cinematographer-director, won Best Director (Silver) for Emuthi Puthi at Northeast Film Festival and Best Debut Director at R.K Universe. Educated in cinematography at Colorado Film School, she has worked on various Hollywood projects and also with UNICEF. She is also a trained Bharatnatyam dancer, painter, and Hindustani Classical musician.

काबेरी अंतरधान
KABERI ANTARDHAN

141 minutes

पुरस्कार / AWARD

सर्वश्रेष्ठ बांग्ला फ़िल्म
Best Bengali Film

रजत कमल | **Rajat Kamal**
₹2,00,000/-

Director	Kaushik Ganguly
Producer	Surinder Films Pvt. Ltd
Editor	Subhajit Singha
Cinematographer	Gopi Bhagat
Sound Designer	Anindit Roy (CAS), Aadip Singh Manki

कथासार / SYNOPSIS

नक्सलबाड़ी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित फ़िल्म की कहानी एक संयुक्त परिवार के इर्दगिर्द घूमती है, जिसमें मृणमोय घोष है, जो एनकाउंटर स्पेशलिस्ट है. वह अपने पिता की राजनीतिक मान्यताओं से नफरत करता है। उसके परिवार में उसकी पत्नी और बेटे के साथ ही मृणमोय की बहन काबेरी और उसका पति अमियो भी शामिल है।

उथल-पुथल भरे समय को संवेदनशील तरीके से दिखाने और अभिनेताओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए।

Set against the backdrop of Naxalbari uprising, the film focuses on a joint family consisting of Mrinmoy Ghosh, an encounter specialist; his wife Nayantara and their young son M.G. who hates his father for his political beliefs. The family also consists of Kaberi, Mrinmoy's sister and Amiyo, her husband.

For the sensitive handling of tumultuous times and the superlative performances of the actors.

निर्माता / PRODUCER

सुरिन्दर फ़िल्म्स प्रा. लि.
Surinder Films Pvt. Ltd

सुरिंदर फ़िल्म्स 1970 से कोलकाता के फ़िल्म और टेलीविजन क्षेत्र में शीर्ष पर है। इसने 'सागरद्वीपे जॉकेर धान', 'ज्येष्ठपुत्रो', 'दृष्टिकोण', 'घरे बायरे', 'छाया ओर छोबी', 'पगलु 2', 'बोलो ना तुमी आमार', 'मोन माने ना', 'बेश कोरेचि प्रेम कोरेचि', 'देवा', 'अरुंधुति' जैसी फ़िल्मों सहित 20 से ज्यादा टेलिविजन शो का निर्माण किया है।

Surinder Films is a leading film and television production house established in Kolkata in 1970. It has produced blockbuster films like 'Sagardwipey Jawker Dhan', 'Jyeshthoputro', 'Drishtikone', 'Ghare & Baire', 'Chhaya O Chhobi', 'Paglu 2, Paglu', 'Bolo Na Tumi Amar', 'Mon Mane Na', and others, along with over 20 television shows.

निर्देशक / DIRECTOR

कौशिक गांगुली
Kaushik Ganguly

कौशिक गांगुली बांग्ला सिनेमा के जाने माने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फ़िल्म निर्देशक, पटकथा लेखक और अभिनेता हैं। जिन्हें उनकी यथार्थवादी, सहज और संवेदनशील फ़िल्मों जैसे 'बिशोरजन', 'छोटोदेर छोबि' 'नगरकीर्तन' और 'सिनेमावाला' के लिए जाना जाता है। इन्हें कई बार राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार से नवाजा जा चुका है, इसके साथ ही 9 बार फ़िल्म फेयर अवार्ड सहित यह कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित हैं।

Kaushik Ganguly is a film director, screenwriter and actor working in Bengali cinema. Known for his realistic, simple and sensitive films like 'Bishorjon', 'Chotoder Chobi', 'Nagarkirtan' and 'Cinemawala', he has won the prestigious National Film Award several times, the Filmfare Award nine times along with various international awards and accolades.

गुलमोहर
GULMOHAR

132 minutes

पुरस्कार / AWARD

सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फ़िल्म
Best Hindi Film

रजत कमल | **Rajat Kamal**
₹2,00,000/-

Director	Rahul V. Chittella
Producer	Star Studios, Chalkboard Entertainment, Autonomous Works
Editor	Tanupriya Sharma
Cinematographer	Eeshit Narain
Sound Designer	P M Satheesh, Manoj Goswami

कथासार / SYNOPSIS

अपने पुश्तैनी घर ‘ गुलमोहर’ को समेटते समय बत्रा परिवार एक उथल-पुथल का सामना करता है। वसीयत को लेकर तनाव बढ़ जाता है। द्वेष और व्यक्तिगत संकटों के बीच, रिश्तों की भी परख होती है और कई और रहस्य उजागर होते हैं। अंततः परिवार को पता चलता है कि उनका असली घर उनके भीतर और एक-दूसरे में है, इस तरह फ़िल्म का अंत एक होली उत्सव में होता है।

एक फ़िल्म, जो अपनी काव्यात्मक संवेदनाओं में, परिवार के टूटने, रिश्तों की दुविधाओं, भावनात्मक उथल-पुथल और एक बेटे के अपने परिवार को बचाने की कोशिश के बारे में बात करती है। सर्वश्रेष्ठ हिंदी फ़िल्म गुलमोहर हमारे समय के समाज को सूक्ष्म तरीके से दिखाती है।

In Gulmohar, the Batra family navigates upheaval as they pack up their ancestral home. Tensions flare over a will. Amidst chaos and personal crises, relationships are tested and secrets revealed. Ultimately, the family discovers their true home is within themselves and in each other, culminating in a unifying Holi celebration.

A film that, in its poetic sensibilities, talks about the disintegration of family, the dilemmas of relationships, emotional turmoil and a son's bid to save his family – almost as distant as a dream. The Best Hindi Film Gulmohar depicts the society of our times in a nuanced way.

निर्माता / PRODUCER

स्टार स्टूडियोज़
Star Studios

